प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नौ माह बाद सकुशल धरती पर लौटीं अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, यान में तकनीकी खराबी की वजह से 286 दिनों तक फंसी रहीं अंतरिक्ष में।
2. विधानसभा के बजट सत्र का आज 13वें दिन अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर होगी चर्चा, कानून व्यवस्था के सवाल पर आज भी हंगामे के आसार।
3. झारखंड में कथित शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांगी अनुमति।
4. गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आज से, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उदघाटन, झारखंडी संस्कृति और परंपरा की दिखेगी झलक।

रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मैच में मेजबान झारखंड को मिजोरम ने एक के मुकाबले दो गोल से हराया।

********************

अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने आज अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे धरती पर सुरक्षित वापसी की है। अमरीका में फ्लोरिडा के समन्दर में स्पेसएक्स के कैप्सूल, यान ने सफल लैंडिंग की। गौरतलब है कि यान में तकनीकी खराबी की वजह से सुनीता और बुच करीब 286 दिनों से अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए थे। 5 जून 2024 को वे 8 दिन के लिए अन्तरिक्ष मिशन पर निकले थे।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज 13वां दिन है। दिन के 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरु होने पर पहले प्रश्नकाल होगा और भोजनावकाश के बाद विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्तावों पर चर्चा होगी। कानून व्यवस्था के सवाल पर आज भी सदन के भीतर हंगामे के आसार हैं।

********************

झारखंड में कथित शराब घोटाले के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो –ईओडब्ल्यू रायपुर ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति झारखंड सरकार से मांगी है। मामला रायपुर के आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज किया गया था, जिसमें छतीसगढ़ के अधिकारियों के अलावा झारखंड के अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है।

********************

गढ़वा जिले में आज से दो दिवसीय राजकीय श्रीबंशीधर महोत्सव का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने मुख्य समारोह स्थल गोसाईंबाग मैदान में जिले के सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान श्री जमुआर ने कहा कि श्री बंशीधर महोत्सव ऐतिहासिक होगा और इसमें झारखंड की संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिलेगी।

********************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह जल्द ही वोटर आईडी को आधार से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा। तकनीकी परामर्श भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच होगा। यह निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गृह मंत्रालय, विधायी विभाग के सचिवों और यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान लिया।

********************

हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोगियों के उपचार के लिए औषधीय पौधे लगाए गए हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

साउण्ड बाईट – गौरव प्रकाश, हजारीबाग – 39 सेकेण्ड

********************

खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश जिले के पुलिस पदाधिकारियों को दिये हैं। अपराधिक गतिविधियों की समीक्षा के बाद उन्होंने कहा कि जिले में अपराध अनुसंधान का ग्राफ बेहतर रहा है।

********************

- जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10 सहिया को उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया।
- रांची समेत राज्यभर में कल रात रामनवमी को लेकर पहली मंगलवारी का जुलूस निकाला गया। हजारीबाग में लगभग एक दर्जन से अधिक अखाड़ों ने जुलूस निकला और पूजा अर्चना की।
- रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में पतरातू निवासी तीरंदाज खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को सीएसआर के तहत आर्चरी किट उपलब्ध कराया गया।
- रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया।
- रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने कई दिशा निर्देश दिये।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल से अगले चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हो सकती है और तेज हवा चलेगी।

********************

रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मुकाबलों में कल शाम हॉकी मिजोरम ने मेजबान झारखंड को एक मुकाबले दो गोल से पराजित कर दिया। दूसरी ओर झारखंड अस्मिता महिला हॉकी में सब जूनियर वर्ग में रांची, सिमडेगा और खूंटी ने जीत हासिल की। जूनियर वर्ग में हजारीबाग, खूंटी, बोकारो और सिमडेगा ने अपने–अपने मैच जीतकर पूरे अंक अर्जित किये।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– तड़के तीन बजकर अठाइस मिनट पर सुनिता विलियम्स सकुशल लौंटी।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– विधि व्यवस्था पर भाजपा और सत्ता पक्ष उलझे, हंगामा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड सरकार ने रिजर्व बैंक से 1500 करोड़ का लोन मांगा।

दैनिक जागरण लिखता है– कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को गोली मारने के आरोप में छह अपराधी गिरफ्तार।

रांची एक्सप्रेस ने पश्चिम सिंहभूम में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने महाराष्ट्र के सीएम के हवाले से लिखा है– नागपुर में हिंसा सुनियोजित साजिश जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया की सुर्खी है– रुसी राष्ट्रपति पुतिन सीमित संघर्ष विराम, बंधकों की रिहाई पर राजी।

*********समाप्त**********